राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड
'निर्वाचन भवन'
न्यू मार्केट चौक, रातू रोड, राँची – 834001

Website secjharkhand.nic.in
Email jsec-jhr@nic.in
दूरभाष 0651-2284012 / 9264474491
फैक्स 0651-2280287

संख्याः– 03नि0 / प0–154/ 2022 रा0नि0आ0 545 राँची, दिनांक 9/04/22

# प्रेस नोट

विषयः– त्रिस्तरीय पंचायत (आम) निर्वाचन, 2022 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम।

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निकायों यथा ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल वर्ष 2020 के माह दिसम्बर में समाप्त हो चुका है। झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 की धारा क्रमशः 25, 46 एवं 61 के उपबंधों के अनुसार यद्यपि इन निकायों की पाँच वर्षों की अवधि के अवसान के पूर्व इनके गठन हेतु आम निर्वाचन कराया जाना अपेक्षित था, परंतु कोविड–19 जैसे महामारी के कारण इसमें विलम्ब हुआ।

1. **त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु निर्वाचन क्षेत्र :**

झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 की धारा 138 के उपबंधों के अनुपालन में जनगणना 2011 के सुसंगत आँकड़ों के आधार पर त्रिस्तरीय पंचायत निकायों का अद्यतन परिसीमन के पश्चात् स्थिति निम्नवत् है :–

| जिलों की कुल संख्या | प्रखण्डों की कुल संख्या | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या | ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या | ग्राम पंचायत के मुखिया के निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या | पंचायत समिति के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या | जिला परिषद के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 264 | 4,345 | 53,479 | 4,345 | 5,341 | 536 |

2. **मतदाता सूची :**

दिनांक 01.01.2022 की अर्हत्ता तिथि पर दिनांक 05.01.2022 को अंतिम रूप से प्रकाशित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा झारखण्ड विधानसभा निर्वाचन हेतु तैयार मतदाता सूची को ग्राम पंचायतों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रवार विखण्डित कर दावा/आपत्ति प्राप्त करते हुए दिनांक 14.02.2022 को अंतिम रूप से

प्रकाशित कर त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन, 2022 हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की गई है जिसके अनुसार मतदाताओं की कुल संख्या निम्नवत् है :–

| मतदाताओं की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जिला | पुरूष | महिला | अन्य | कुल |
| 24 | 1,00,70,721 | 95,45,702 | 81 | 1,96,16,504 |

(विवरणी अनुलग्नक 1 पर संलग्न)

3. **मतदाताओं की पहचान :**

मतदान के समय मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए जिन मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र (एपिक) उपलब्ध कराए गए हैं उनकी पहचान एपिक के माध्यम से की जाएगी। परन्तु यदि किसी मतदाता के पास फोटो पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो उसकी पहचान आयोग द्वारा यथा निर्धारित 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से की जा सकती है:

1. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया मतदाता पहचान पत्र (EPIC)
2. निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी प्रमाणिक फोटोयुक्त मतदाता पर्ची
3. पासपोर्ट
4. ड्राईविंग लाइसेंस
5. राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रम, स्थानीय निकाय या पब्लिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
6. बैंक/डाकघर फोटोयुक्त पास बुक
7. आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड)
8. आधार कार्ड
9. राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR)
10. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत जारी फोटोयुक्त जॉब कार्ड
11. फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट कार्ड)
12. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज

इसके लिए आयोग द्वारा अनुदेश निर्गत किए गए हैं।

4. **मतदान केन्द्र :**

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, 2022 हेतु मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तारीख 14.02.2022 की स्थिति के अनुसार मतदान के लिए 24 जिलों के मतदान केन्द्रों का विवरण निम्न अनुसार है :–

| मतदान केन्द्रों की विवरणी | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला की संख्या | मतदान केन्द्रों की संख्या | | | | | मतदान भवनों की संख्या |
| | सामान्य | संवेदनशील | अति संवेदनशील | कुल | चलन्त | |
| 24 | 12,821 | 22,961 | 17,698 | 53,480 | 38 | 33,627 |

(विवरणी अनुलग्नक 2 पर संलग्न)

5. **मतदान केन्द्रों में आधारभूत न्यूनतम सुविधाएँ :**

राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य के 24 जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) को यह सुनिश्चित करने के लिए आदेश निर्गत किए हैं कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में आधारभूत न्यूनतम सुविधाएँ जैसे पेयजल, शौचालय, निःशक्त मतदाताओं के लिए रैम्प एवं कलस्टर सेन्टर पर प्रकाश आदि की व्यवस्था की जाएगी।

6. **मतदान दल और रैण्डमाईजेशन :**

मतदान दलों का गठन विशेष एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया अपना कर किया जाएगा। तीन चरणों वाली रैण्डमाईजेशन प्रक्रिया अपनायी जाएगी। पहले चरण में पात्र कर्मचारियों के अपेक्षाकृत व्यापक जिला डाटाबेस से न्यूनतम 120 प्रतिशत की लघुकृत सूची का चयन किया जाएगा। इस समूह को मतदान डयुटी के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरे चरण में, इन प्रशिक्षित कर्मियों में से सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में रैण्डम सिलेक्शन द्वारा वास्तविक मतदान दलों का गठन किया जाएगा। तीसरे रैण्डमाईजेशन में मतदान दलों के प्रस्थान के ठीक पहले रैण्डम तरीके से उन्हें मतदान केन्द्र आवंटित किए जाएंगे।

7. **मतपेटिकाएं :**

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन, 2022 में सभी जिलों के मतदान केन्द्रों पर मतपेटिका का इस्तेमाल करके मतदान कराया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मतपेटिकाओं की व्यवस्था आयोग द्वारा की गयी है। प्रति मतदान केन्द्र 2 बड़ी या 01 बड़ी और 02 मध्यम आकार की मतपेटिका का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन कार्य हेतु राज्य में उपलब्ध मतपेटिकाओं की स्थिति निम्न प्रकार है :–

| कुल मतपेटिकाओं की संख्या (10% सुरक्षित सहित) | | |
|---|---|---|
| जिला | बड़ी मतपेटिकाएँ | मध्यम आकार की मतपेटिकाएँ |
| 24 | 98,081 | 39,928 |

8. **अभ्यर्थियों के शपथ पत्र/स्वघोषणा पत्र के सभी कॉलम भरे जाने हैं :**

वर्ष 2008 की रिट याचिका (सिविल) सं0 121 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिनांक 13 दिसम्बर, 2013 को पारित निर्णय के अनुसरण में अन्य बातों के साथ–साथ निर्वाची पदाधिकारी के लिए यह अनिवार्य है कि वह इस बात की जाँच करें कि क्या अपेक्षित सूचना, शपथ पत्र/स्वघोषणा पत्र नाम

निर्देशन पत्र दाखिल करते समय पूरी तरह उपलब्ध करा दिया गया है। आयोग ने निर्देश जारी किए हैं कि नाम निर्देशन पत्र के साथ दाखिल किए जाने वाले शपथ पत्र/स्वघोषणा पत्र में अभ्यर्थियों के लिए यह अपेक्षित है कि वे सभी कॉलम को भरें। शपथ–पत्र/स्वघोषणा पत्र में यदि कोई कॉलम खाली छोड़ा जाता है तो निर्वाची पदाधिकारी संबंधित अभ्यर्थी को इस संबंध में नोटिस जारी करेंगे। ऐसे नोटिस के उपरान्त भी यदि अभ्यर्थी सभी दृष्टिकोण से पूर्ण शपथ पत्र/स्वघोषणा पत्र दाखिल करने में विफल रहता है तो संवीक्षा के समय उसके नाम निर्देशन पत्र को अस्वीकृत किया जा सकेगा।

9. <u>संचार योजना</u> :

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचनों के सुचारू रूप से संचालन के लिए जिला/निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर एक उपयुक्त संचार योजना बनाने एवं उसका क्रियान्वयन करने और मतदान के दिन उसे पूरी तरह से कारगर बनाने के लिए सभी निर्वाची पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) को यह निदेश दिया है कि वे दूरसंचार विभाग के अधिकारियों एवं अन्य अग्रणी सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय करें ताकि राज्य में नेटवर्क की स्थिति का आकलन किया जा सके और संचार शैडो एरिया की पहचान कर वैकल्पिक संचार व्यवस्था की जा सके।

10. <u>वीडियोग्राफी</u> :

सभी महत्वपूर्ण आयोजनों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) इस प्रयोजनार्थ पर्याप्त संख्या में वीडियोग्राफी दलों का गठन करेंगे। वीडियोग्राफी किए जाने वाले आयोजनों में नाम निर्देशन दाखिल करना, उनकी संवीक्षा करना, प्रचार अभियान के दौरान महत्वपूर्ण बैठकें, सभा, जुलूस आदि शामिल हैं।

11. <u>विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की तैनाती</u> :

निर्वाचनों के संचालन में विस्तृत सुरक्षा प्रबंधन शामिल होता है। इसमें मतदान कर्मियों की सुरक्षा, मतदान केन्द्रों की सुरक्षा, मतदान सामग्रियों की सुरक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया की समग्र सुरक्षा भी सुनिश्चित करना शामिल है। मतदाताओं, विशेषकर अतिसंवेदनशील मतदाताओं जैसे कमजोर वर्ग आदि के मन में भरोसा कायम करने के लिए मतदान से पहले, क्षेत्र में सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की जाती है। आयोग ने ऐसे परिवेश का निर्माण करके निष्पक्ष एवं स्वतंत्र निर्वाचनों को सुनश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय किए हैं। जिसमें प्रत्येक निर्वाचक बिना किसी बाधा या बिना किसी अनुचित रूप से प्रभावित/भयभीत हुए मतदान केन्द्र तक पहुंच सके। जमीनी स्थिति के आकलन के आधार पर सशस्त्र पुलिस बल का इन निर्वाचनों के दौरान तैनात किया जाएगा, जिसका उपयोग मतदान केन्द्रों की सुरक्षा करने और मतदान के दिन निर्वाचकों और मतदान कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावे इन बलों को स्ट्राँग रूमों की सुरक्षा के लिए भी प्रयुक्त किया जाएगा। इनका मतगणना केन्द्रों की सुरक्षा के लिए तथा जरूरत पड़ने पर अन्य प्रयोजनों के लिए भी इस्तेमाल किया जाएगा।

12. **कमजोर वर्ग के मतदाताओं को सुरक्षा प्रदान करना :**

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(vii) के अनुसार कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं है, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को मतदान न करने के लिए या किसी विशिष्ट अभ्यर्थी के लिए मतदान करने के लिए या विधि द्वारा उपबंधित रीति से भिन्न रीति से मतदान करने के लिए मजबूर या अभित्रस्त करेगा, वह कारावास से जिसकी अवधि छः माह से कम की नहीं होगी किंतु जो पाँच वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी और जुर्माने से दण्डनीय होगा। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा है कि वे इन उपबंधों को, इन पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई किए जाने के लिए, सभी संबंधितों के ध्यान में लाएं।

13. **सामान्य प्रेक्षक :**

आयोग निर्वाचनों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में अनुमंडल स्तर पर 45 सामान्य प्रेक्षकों को तैनात करेगा। प्रेक्षकों से कहा जाएगा कि वे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचनों को सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर पैनी नजर रखेंगे। उनके नाम, जिला/निर्वाचन क्षेत्र के भीतर पते और उनके टेलीफोन/मोबाइल नम्बरों का स्थानीय समाचार पत्रों में प्रचार–प्रसार किया जाएगा ताकि सामान्य जन किसी भी प्रकार की शिकायत का निवारण करने के लिए उनसे शीघ्रतापूर्वक सम्पर्क कर सकें। प्रेक्षकों को तैनात किए जाने से पूर्व आयोग द्वारा उनकी विस्तारपूर्वक ब्रीफिंग की जाएगी।

14. **निर्वाचन व्यय का अनुश्रवण :**

अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय के प्रभावी अनुश्रवण के प्रयोजनार्थ उड़न दस्तों, स्थैतिक निगरानी दलों का गठन किया जाना तथा आयकर विभाग आदि के अन्वेषण निदेशालयों की सहभागिता लेना शामिल है। राज्य उत्पाद–शुल्क विभागों और पुलिस प्राधिकारियों से कहा गया है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मदिरा और मादक पदार्थों के उत्पादन वितरण, बिक्री और भंडारण पर नजर रखें।

अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर पैनी नजर रखने के लिए अनुमंडल स्तर पर 45 व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए जा रहे हैं। सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान टॉल फ्री नम्बरों के साथ नियंत्रण कक्ष तथा शिकायत अनुवीक्षण केन्द्र काम करेंगे।

राज्य निर्वाचन आयोग ने अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा का निर्धारण यथारूप में किया है :

| क्रमांक | अभ्यर्थी | निर्वाचन व्यय की अधिकतम सीमा |
|---|---|---|
| 1. | सदस्य, ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र | 14,000 रूपये |
| 2. | ग्राम पंचायत के मुखिया | 85,000 रूपये |
| 3. | सदस्य, पंचायत समिति के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र | 71,000 रूपये |
| 4. | सदस्य, जिला परिषद के क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्र | 2,14,000 रूपये |

15. **पेड–न्यूज :**

पेड न्यूज संबंधी मामले पर कार्रवाई करने के लिए जिला स्तर पर मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समितियों का गठन किया जाएगा।

16. **अधिकारियों का आचरण :**

आयोग, निर्वाचनों के संचालन में कार्यरत सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा करता है कि वे अपने कर्त्तव्यों का निष्पक्ष रूप से, बिना किसी भय या पक्षपात के निर्वहन करें। निर्वाचन के दौरान उन्हें आयोग की प्रतिनियुक्ति पर माना जाएगा और वे आयोग के नियंत्रण, पर्यवेक्षण और अनुशासन के अध्यधीन होंगे। सभी सरकारी अधिकारियों का आचरण, जिन्हें निर्वाचन संबंधी जिम्मेदारी और कर्त्तव्य सौंपे गए हैं, निरंतर आयोग की संवीक्षा के अधीन रहेगा तथा उन अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिनके कार्य निष्पादन में किसी भी प्रकार की कमी पाई जाएगी।

17. **जिला निर्वाचन योजना :**

निर्वाचनों के संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पुलिस अधीक्षक के परामर्श से रूट योजना और संचार/यातायात योजना सहित व्यापक जिला निर्वाचन योजना तैयार करने को कहा गया है। इन योजनाओं में संवेदनशील मतदान केन्द्रों का पता लगाकर और अति संवेदनशील मानचित्रण पर विचार करते हुए सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

18. **आदर्श आचार संहिता :**

आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता के सभी उपबंध झारखण्ड राज्य के सम्पूर्ण हिस्सों (नगरपालिका एवं कैन्टोनमेन्ट क्षेत्र को छोड़कर) के साथ–साथ सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों और झारखण्ड राज्य सरकार पर लागू होंगे। केन्द्र/राज्य सरकार की किसी भी पुरानी योजना का कार्यान्वयन आदर्श आचार संहिता से प्रभावित नहीं होगा जिसमें टैण्डर की प्रक्रिया भी सम्मिलित है। जिला परिषद/पंचायत समिति/पंचायत की योजनाओं के कार्यान्वयन आदर्श आचार संहिता के दायरे में आयेंगे।

आदर्श आचार संहिता के दिशा–निर्देशों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए आयोग ने विस्तृत व्यवस्थाएं की है। इन दिशा–निर्देशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन से कड़ाई से निपटा जाएगा और आयोग इस संबंध में पुनः बल देता है कि इस बारे में समय–समय पर जारी अनुदेशों को सभी राजनैतिक दलों, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्त्ताओं/प्रतिनिधियों द्वारा पढ़ा व समझा जाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की आशंका या सूचना के अभाव अथवा समझने/व्याख्या की कमी से बचा जा सके।

19. **जिला गजट में यथासंशोधन :**

पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना संख्या–685, दिनांक–01.04.2022 के निर्देशानुसार जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिला गजट में अधिसूचित अन्य पिछड़े वर्गों के लिए यथारूप में महिला/अन्य, जिसके लिए जो अधिसूचित पद हों, उसे अनारक्षित (open category seats) के रूप में मानते हुए तद्नुसार सभी निर्वाचन प्रक्रिया की कार्रवाई की जाएगी।

20. **कोविड–19 से संबंधित दिशा–निर्देश का अनुपालन :**

निर्वाचन के दौरान कोविड–19 के संदर्भ में सरकार तथा जिला प्रशासन के द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों का अनुपालन संबंधित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)–सह–उपायुक्त करायेंगे।

21. **मतगणना :**

राज्य के जिलों को दो से लेकर चार चरणों में बांट कर निर्वाचन सम्पन्न कराया जा रहा है, जिसमें प्रखण्डों को ईकाई माना गया है। पहले एवं दूसरे चरण के मतदान की समाप्ति के पश्चात् ही चरणवार मतगणना का कार्य सम्पन्न करा लिया जाएगा तथा तीसरे एवं चौथे चरण की मतगणना चौथे चरण के मतदान की समाप्ति के पश्चात् एक साथ कराई जाएगी।

22. **निर्वाचन की अनुसूची :**

आयोग ने सभी संगत पहलुओं यथा मौसम संबंधी परिस्थिति, दिशा–निर्देश शैक्षिक कैलेण्डर, त्यौहारों, राज्य में विद्यमान कानून और व्यवस्था की स्थिति, पुलिस बलों की उपलब्धता, आवाजाही के लिए अपेक्षित समय, परिवहन तथा बलों की समुचित तैनाती तथा अन्य बुनियादी वास्तविकताओं पर विचार करते हुए राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन करवाने के लिए अनुसूचियाँ तैयार की है।

झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 के सम्बद्ध उपबंधों के अधीन झारखण्ड राज्य के त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन, 2022 के लिए निर्वाचन चरणवार कार्यक्रम एवं अन्य विवरणी अनुलग्नक 3 पर संलग्न है।

अनुलग्नक : यथावर्णित।

राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेश से,

ह० 9/4/22

(राधे श्याम प्रसाद)
सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग,
झारखण्ड, राँची।

त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के निर्वाचन, 2022 हेतु जिला परिषदवार मतदाताओं की सख्या एंव प्रतिशंत

| क्र0सं0 | जिला परिषद का नाम | सम्बंधित जनसंख्या (2011) | मतदान केद्रों की कुल सख्या | मतदाताओं की कुल सख्या | | | | मतदाताओं का प्रतिशत | महिला मतदाताओं का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरुष | महिला | तृतीय लिंग | कुल | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 1 | I गढ़वा[1] | 1225651 | 2448 | 479137 | 433176 | 0 | 912313 | 74.43 | 47.48 |
| 2 | II पलामू[1] | 1651845 | 3305 | 636443 | 579390 | 1 | 1215834 | 73.60 | 47.65 |
| 3 | III लातेहार[2] | 699997 | 1396 | 256546 | 245916 | 0 | 502462 | 71.78 | 48.94 |
| 4 | IV चतरा | 979932 | 1960 | 374115 | 340379 | 0 | 714494 | 72.91 | 47.64 |
| 5 | V हजारीबाग | 1537029 | 3078 | 618053 | 563823 | 1 | 1181877 | 76.89 | 47.71 |
| 6 | VI कोडरमा | 579228 | 1163 | 223462 | 205320 | 9 | 428791 | 74.03 | 47.88 |
| 7 | VII गिरीडीह | 2229612 | 4460 | 820557 | 743519 | 14 | 1564090 | 70.15 | 47.54 |
| 8 | VIII देवघर | 1233712 | 2458 | 462007 | 413953 | 1 | 875961 | 71.00 | 47.26 |
| 9 | IX गोड्डा[1] | 1234670 | 2471 | 456259 | 428813 | 0 | 885072 | 71.68 | 48.45 |
| 10 | X साहेबगंज[2] | 1015706 | 2023 | 355408 | 335534 | 3 | 690945 | 68.03 | 48.56 |
| 11 | XI पाकुड़[2] | 854582 | 1704 | 295364 | 296894 | 0 | 592258 | 69.30 | 50.13 |
| 12 | XII दुमका[2] | 1256735 | 2518 | 453072 | 450463 | 1 | 903536 | 71.90 | 49.86 |
| 13 | XIII जामताड़ा[2] | 721164 | 1449 | 269317 | 251912 | 0 | 521229 | 72.28 | 48.33 |
| 14 | XIV धनबाद | 1476507 | 2952 | 566251 | 514186 | 15 | 1080452 | 73.18 | 47.59 |
| 15 | XV बोकारो | 1475740 | 2958 | 586002 | 541815 | 7 | 1127824 | 76.42 | 48.04 |
| 16 | XVI रामगढ़ | 736787 | 1461 | 288654 | 261811 | 0 | 550465 | 74.71 | 47.56 |
| 17 | XVIIलोहरदगा[2] | 404379 | 803 | 153520 | 151312 | 0 | 304832 | 75.38 | 49.64 |
| 18 | XVIII गुमला[2] | 973949 | 1947 | 344040 | 342646 | 0 | 686686 | 70.51 | 49.90 |
| 19 | XIX खूँटी[2] | 495495 | 990 | 184746 | 189293 | 1 | 374040 | 75.49 | 50.61 |
| 20 | XX राँची[2] | 1819772 | 3631 | 701021 | 683852 | 17 | 1384890 | 76.10 | 49.38 |
| 21 | XXI सिमडेगा[2] | 556634 | 1110 | 204943 | 207379 | 0 | 412322 | 74.07 | 50.30 |
| 22 | XXII पश्चिमी सिंहभूम[2] | 1401413 | 2791 | 491647 | 511233 | 4 | 1002884 | 71.56 | 50.98 |
| 23 | XXIII सरायकेला खरसावाँ[2] | 833193 | 1656 | 317950 | 317253 | 2 | 635205 | 76.24 | 49.94 |
| 24 | XXIV पूर्वी सिंहभूम[2] | 1372784 | 2748 | 532207 | 535830 | 5 | 1068042 | 77.80 | 50.17 |
| **योग** | | **26766516** | **53480** | **10070721** | **9545702** | **81** | **19616504** | **73.29** | **48.66** |

1 आंशिक अनुसूचित क्षेत्र

2 संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र

अनुलग्नक 2

## त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के निर्वाचन हेतु संवेदनशीलता/भवनों की सख्या सम्बन्धी विवरणी (**Summary Sheet**)

| क्र0सं0 | चरण | प्रत्येक चरण में जिलों की कुल संख्या | प्रखण्डों की कुल संख्या | ग्राम पंचायतों की कुल संख्या | सामान्य | | संवेदनशील | | अति संवेदनशील | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मतदान केद्रों की सख्या | भवनों की सख्या | मतदान केद्रों की सख्या | भवनों की सख्या | मतदान केद्रों की सख्या | भवनों की सख्या | मतदान केद्रों की सख्या | भवनों की सख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | प्रथम चरण | 21 | 72 | 1127 | 2925 | 1961 | 5704 | 3525 | 5450 | 3356 | 14079 | 8842 |
| 2 | द्वितीय चरण | 16 | 50 | 872 | 2463 | 1656 | 4451 | 2821 | 3700 | 2389 | 10614 | 6866 |
| 3 | तृतीय चरण | 19 | 70 | 1047 | 3087 | 2054 | 6021 | 3761 | 3804 | 2275 | 12912 | 8090 |
| 4 | चतुर्थ चरण | 23 | 72 | 1299 | 4346 | 2728 | 6785 | 4179 | 4744 | 2922 | 15875 | 9829 |
| **कुल** | | **24** | **264** | **4345** | **12821** | **8399** | **22961** | **14286** | **17698** | **10942** | **53480** | **33627** |

अनुलग्नक–3

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, 2022 हेतु निर्वाचन कार्यक्रम

| क्रमांक | कार्यक्रम | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना | **09.04.2022** | | | |
| 2. | जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) द्वारा प्रपत्र 5 में निर्वाचन की सूचना प्रकाशन की तारीख | 16.04.2022 | 20.04.2022 | 25.04.2022 | 29.04.2022 |
| 3. | नाम निर्देशन करने के लिए अंतिम तारीख (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | 23.04.2022 | 27.04.2022 | 02.05.2022 | 06.05.2022 |
| 4. | नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के लिए तारीख (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | 25.04.2022 एवं 26.04.2022 | 28.04.2022 से 30.04.2022 | 04.05.2022 एवं 05.05.2022 | 07.05.2022 एवं 09.05.2022 |
| 5. | अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की तारीख (पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | 27.04.2022 एवं 28.04.2022 | 02.05.2022 | 06.05.2022 एवं 07.05.2022 | 10.05.2022 एवं 11.05.2022 |
| 6. | निर्वाचन प्रतीक आवंटन की तारीख (पूर्वाह्न 11:00 बजे से कार्य पूर्ण होने तक) | 29.04.2022 | 04.05.2022 | 09.05.2022 | 12.05.2022 |
| 7. | मतदान की तारीख (प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक) | 14.05.2022 | 19.05.2022 | 24.05.2022 | 27.05.2022 |
| 8.. | मतगणना की तारीख (प्रातः 8:00 बजे से) | 17.05.2022 | 22.05.2022 | 31.05.2022 | 31.05.2022 |

अनुलग्नक 3क

# झारखण्ड राज्य अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के चरणवार प्रखण्डों का नाम

| क्र0सं0 | जिला का कोड एवं नाम | प्रथम चरण 14.05.2022 | द्वितीय चरण 19.05.2022 | तृतीय चरण 24.05.2022 | चतुर्थ चरण 27.05.2022 | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | I गढवा | 13 चिनियाँ | | 01 खरौंधी | 04 काण्डी | |
| | | 17 रंका | | 02 केतार | 05 बरडीहा | |
| | | 18 रमकण्डा | | 03 भवनाथपुर | 06 मझिआँव | |
| | | 19 भण्डरिया | | 07 विशुनपुरा | 12 डंडई | |
| | | 20 बड़गड़ | | 08 रमना | 14 मेराल | |
| | | | | 09 नगरउँटारी | 15 गढ़वा | |
| | | | | 10 सगमा | 16 डंडा | |
| | | | | 11 धुरकी | | |
| 2 | II पलामू | 01 मोहम्मदगंज | 06 नवडीहा बाजार | 17 मनातु | 08 पाण्डु | |
| | | 02 हैदरनगर | 07 छतरपुर | 18 तरहसी | 10 विश्रामपुर | |
| | | 03 हुसैनाबाद | 11 नावाबाजार | 19 नीलाम्बर पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) | 13 चैनपुर | |
| | | 04 पिपरा | 12 पड़वा | 20 सतबरवा | 14 रामगढ़ | |
| | | 05 हरिहरगंज | 16 पाटन | 21 पांकी | 15 मेदिनीनगर | |
| | | 09 उटॉरीरोड | | | | |
| 3 | III लातेहार | 04 सरयु | 01 बरवाडीह | 07 बालुमाथ | 02 गारू | |
| | | 06 लातेहार | 05 मनिका | 08 बारियातु | 03 महुवाडांड़ | |
| | | 10 चन्दवा | | 09 हेरहंज | | |
| 4 | IV चतरा | 01 प्रतापपुर | 03 लावालौंग | 06 कान्हाचट्टी | 10 पत्थलगढ़ा | |
| | | 02 कुन्दा | 05 हंटरगंज | 07 ईटखोरी | 11 सिमरिया | |
| | | 04 चतरा | | 08 मयुरहंड | 12 टण्डवा | |
| | | | | 09 गिद्धौर | | |
| 5 | V हजारीबाग | 01 चौपारण | | 05 ईचाक | 07 कटकमसांडी | |
| | | 02 बरही | | 10 दारू | 08 कटकमदाग | |
| | | 03 बरकट्ठा | | 13 टाटीझरिया | 09 हजारीबाग | |
| | | 04 चलकुशा | | 14 विष्णुगढ़ | 11 केरेडारी | |
| | | 06 पदमा | | 15 डाड़ी | 12 बड़कागाँव | |
| | | | | 16 चुरचू | | |
| 6 | VI कोडरमा | | 01 सतगाँवा | | 03 कोडरमा | |
| | | | 02 डोमचाँच | | 04 चन्दवारा | |
| | | | 06 मरकच्चो | | 05 जयनगर | |
| 7 | VII गिरिडीह | 04 जमुआ | 01 गांवा | 05 धनवार | 08 बगोदर | |
| | | 11 गिरिडीह | 02 तिसरी | 06 बिरनी | 09 डुमरी | |
| | | 13 गाण्डेय | 03 देवरी | 07 सरिया | 10 पीरटांड़ | |
| | | | 12 बेंगाबाद | | | |
| 8 | VIII देवघर | 01 देवघर | | 03 सारवाँ | 07 मारगोमुण्डा | |
| | | 02 मोहनपुर | | 04 सोनाराय ठाढ़ी | 09 सारठ | |
| | | 05 देवीपुर | | 06 मधुपुर | 10 पालोजोरी | |
| | | | | 08 करौं | | |
| 9 | IX गोड्डा | 07 गोड्डा | 04 महागामा | | 01 मेहरमा | |
| | | 08 पोड़ैयाहाट | 05 बसंतराय | | 02 ठाकुरगंगटी | |
| | | 09 सुन्दर पहाड़ी | 06 पथरगामा | | 03 बोआरीजोर | |
| 10 | X साहेबगंज | 03 बोरियो | | 02 मंडरो | 01 साहेबगंज | |
| | | 08 पतना | | 05 तालझारी | 04 बरहेट | |
| | | 09 बरहरवा | | 07 उधवा | 06 राजमहल | |
| 11 | XI पाकुड़ | | 03 हिरणपुर | | 01 लिट्टीपाड़ा | |
| | | 04 पाकुड़ | 05 महेशपुर | | 02 आमड़ापाड़ा | |
| | | | | | 06 पाकुड़िया | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | XII दुमका | 02 रामगढ़ | | 05 दुमका | 01 सरैयाहाट | |
| | | 03 गोपीकान्दर | | 08 मसलिया | 06 जामा | |
| | | 04 काठीकुंड | | 09 रानेश्वर | 07 जरमुण्डी | |
| | | 10 शिकारीपाड़ा | | | | |
| 13 | XIII जामताड़ा | | 01 नरायणपुर | | 03 जामताड़ा | |
| | | | 02 करमाटांड़ विद्यासागर | | 05 नाला | |
| | | | 04 फतेहपुर | | 06 कुण्डहित | |
| 14 | XIV धनबाद | 01 तोपचाँची | 06 बाघमारा | 08 बलियापुर | 04 निरसा | |
| | | 02 टुण्डी | 07 धनबाद | 09 कलियासोल | 05 गोविन्दपुर | |
| | | 03 पूर्वी टुण्डी | | 10 एगारकुण्ड | | |
| 15 | XV बोकारो | 01 गोमिया | 02 बेरमो | 03 नावाडीह | 08 चास | |
| | | 05 पेटरवार | 06 कसमार | 04 चन्द्रपुरा | 09 चन्दनकियारी | |
| | | | 07 जरीडीह | | | |
| 16 | XVI रामगढ़ | 04 दुलमी | | 02 पतरातु | 01 मांडू | |
| | | 05 चितरपुर | | 03 रामगढ़ | | |
| | | 06 गोला | | | | |
| 17 | XVII लोहरदगा | 01 पेशरार | | 03 कुडू | 04 कैरो | |
| | | 02 किस्को | | 06 सेन्हा | 05 लोहरदगा | |
| | | | | | 07 भण्डरा | |
| 18 | XVIII गुमला | 05 रायडीह | 01 विशुनपुर | 02 डुमरी | 06 पालकोट | |
| | | 09 सिसई | 07 गुमला | 03 अलबर्ट एक्का जारी | 11 बसिया | |
| | | 10 भरनो | 08 घाघरा | 04 चैनपुर | 12 कामडारा | |
| 19 | XIX खूँटी | | 01 कर्रा | | 04 खूँटी | |
| | | | 02 तोरपा | | 05 मुरहू | |
| | | | 03 रनियाँ | | 06 अड़की | |
| 20 | XX राँची | 14 बुण्डू | 05 बेड़ो | 11 ओरमांझी | 01 खलारी | |
| | | 15 राहे | 06 लापुंग | 12 अनगड़ा | 02 बुढ़मू | |
| | | 17 सोनाहातु | 07 इटकी | 13 नामकुम | 03 चान्हो | |
| | | 18 तमाड़ | 08 नगड़ी | 16 सिल्ली | 04 माण्डर | |
| | | | 10 कांके | | 09 रातु | |
| 21 | XXI सिमडेगा | 01 कुरडेग | 04 ठेठईटांगर | 07 कोलेबिरा | 09 बांसजोर | |
| | | 02 केरसई | 05 सिमडेगा | 08 जलडेगा | 10 बानो | |
| | | 03 बोलबा | | | | |
| | | 06 पाकरटांड़ | | | | |
| 22 | XXII पश्चिमी सिंहभूम | 02 बंदगाँव | 01 गुदड़ी | 10 खूँटपानी | 15 हाटगम्हरिया | |
| | | 03 चक्रधरपुर | 06 आनंदपुर | 11 चाईबासा | 16 जगन्नाथपुर | |
| | | 04 सोनुवा | 07 मनोहरपुर | 12 झींकपानी | 17 कुमारडुंगी | |
| | | 05 गोईलकेरा | 08 नोवामुण्डी | 13 तांतनगर | 18 मझगाँव | |
| | | | 09 टोन्टो | 14 मंझारी | | |
| 23 | XXIII सरायकेला–खरसावाँ | 01 ईचागढ़ | | 05 कुचाई | | |
| | | 02 कुकड़ू | | 06 खरसावाँ | | |
| | | 03 नीमडीह | | 07 सरायकेला | | |
| | | 04 चाण्डिल | | 08 गम्हरिया | | |
| | | | | 09 राजनगर | | |
| 24 | XXIV पूर्वी सिंहभूम | 05 घाटशिला | 09 धालभूमगढ़ | 01 बोड़ाम | 03 गोलमुरी सह जुगसलाई | |
| | | 06 मुसाबनी | 10 चाकुलिया | 02 पटमदा | | |
| | | 07 डुमरिया | 11बहरागोड़ा | 04 पोटका | | |
| | | 08 गूड़ाबान्दा | | | | |
| कुल | 24 | 72 | 50 | 70 | 72 | |

अनुलग्नक 3ख

# झारखण्ड राज्य अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायत निकायों के निर्वाचन हेतु चरणवार, कोटिवार आरक्षित/अनारक्षित निर्वाचन क्षेत्रों की विवरणी

## (Summry Sheet)

| चरण | पद एंव स्थानों का नाम | निर्वाचन क्षेत्र/प्रादेशिक/क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की कुल संख्या | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग से अनारक्षित किये गये पद | | अनारक्षित | | महिलाओं के लिए कुल आरक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | F | O | F | O | F | O | F | O | संख्या | % |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| प्रथम चरण | जिला परिषद सदस्य | 146 | 10 | 5 | 34 | 26 | 13 | 9 | 28 | 21 | 85 | 58.22 |
| | पंचायत समिति सदस्य | 1405 | 101 | 66 | 250 | 220 | 122 | 93 | 294 | 259 | 767 | 54.59 |
| | ग्राम पंचायत मुखिया | 1127 | 59 | 42 | 312 | 278 | 67 | 47 | 171 | 151 | 609 | 54.04 |
| | ग्राम पंचायत सदस्य | 14079 | 1029 | 550 | 2466 | 2024 | 1252 | 820 | 3296 | 2642 | 8043 | 57.13 |
| | **योग** | **16757** | **1199** | **663** | **3062** | **2548** | **1454** | **969** | **3789** | **3073** | **9504** | **56.72** |
| द्वितीय चरण | जिला परिषद सदस्य | 103 | 10 | 6 | 15 | 16 | 13 | 7 | 19 | 17 | 57 | 55.34 |
| | पंचायत समिति सदस्य | 1059 | 73 | 52 | 198 | 173 | 95 | 76 | 208 | 184 | 574 | 54.20 |
| | ग्राम पंचायत मुखिया | 872 | 46 | 39 | 257 | 229 | 45 | 38 | 114 | 104 | 462 | 52.98 |
| | ग्राम पंचायत सदस्य | 10614 | 772 | 422 | 2003 | 1678 | 924 | 583 | 2383 | 1849 | 6082 | 57.30 |
| | **योग** | **12648** | **901** | **519** | **2473** | **2096** | **1077** | **704** | **2724** | **2154** | **7175** | **56.73** |
| तृतीय चरण | जिला परिषद सदस्य | 128 | 6 | 7 | 21 | 16 | 14 | 11 | 26 | 27 | 67 | 52.34 |
| | पंचायत समिति सदस्य | 1290 | 94 | 65 | 222 | 192 | 131 | 97 | 259 | 230 | 706 | 54.73 |
| | ग्राम पंचायत मुखिया | 1047 | 59 | 41 | 283 | 249 | 63 | 50 | 160 | 142 | 565 | 53.96 |
| | ग्राम पंचायत सदस्य | 12911 | 983 | 524 | 2243 | 1811 | 1201 | 793 | 2996 | 2360 | 7423 | 57.49 |
| | **योग** | **15376** | **1142** | **637** | **2769** | **2268** | **1409** | **951** | **3441** | **2759** | **8761** | **56.98** |
| चतुर्थ चरण | जिला परिषद सदस्य | 159 | 13 | 7 | 26 | 24 | 13 | 13 | 33 | 30 | 85 | 54.09 |
| | पंचायत समिति सदस्य | 1587 | 112 | 76 | 275 | 243 | 149 | 111 | 329 | 292 | 865 | 54.51 |
| | ग्राम पंचायत मुखिया | 1299 | 72 | 54 | 349 | 316 | 77 | 61 | 196 | 174 | 694 | 53.43 |
| | ग्राम पंचायत सदस्य | 15875 | 1170 | 648 | 2676 | 2167 | 1489 | 993 | 3745 | 2987 | 9080 | 57.20 |
| | **योग** | **18920** | **1367** | **785** | **3326** | **2750** | **1728** | **1178** | **4303** | **3483** | **10724** | **56.68** |
| सभी चरण | जिला परिषद सदस्य | 536 | 39 | 25 | 96 | 82 | 53 | 40 | 106 | 95 | 294 | 54.85 |
| | पंचायत समिति सदस्य | 5341 | 380 | 259 | 945 | 828 | 497 | 377 | 1090 | 965 | 2912 | 54.52 |
| | ग्राम पंचायत मुखिया | 4345 | 236 | 176 | 1201 | 1072 | 252 | 196 | 641 | 571 | 2330 | 53.62 |
| | ग्राम पंचायत सदस्य | 53479 | 3954 | 2144 | 9388 | 7680 | 4866 | 3189 | 12420 | 9838 | 30628 | 57.27 |
| | **योग** | **63701** | **4609** | **2604** | **11630** | **9662** | **5668** | **3802** | **14257** | **11469** | **36164** | **56.77** |